पुणा International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal


# Class –III

# HINDI

# Specimen Copy

# Term I

# 2022-23


रिमझिम - 3
तीसरी कक्षा के लिए हिंदी की पाठ्यपुस्तक

# पाठ-सूची

| क्रम | माह | पाठ का नाम | लेखक का नाम | ऐक्टिविटी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अप्रैल | पाठ - 1 - कक्कू<br>लेखन विभाग - मेरा प्रिय पक्षी तोता<br><br>पाठ - 2 - शेखीबाज मक्खी<br>पत्र लेखन | रमेशचंद्र शाह<br><br><br><br>योगेश जोशी | पक्षियों के नाम लिखो<br><br><br>मक्खी के बारे मे 5 वाक्य लिखो |
| 02 | जून | पाठ - 3 - चाँद वाली अम्मा<br><br><br>चित्र वर्णन<br>निबंध -वर्षा ऋतु | तारा निगम | चाँद का चित्र बनाओ |
| 03 | जुलाई | पाठ - 4 - मन करता है<br><br>संवाद लेखन<br>पत्र लेखन | सुरेन्द्र विक्रम | अलग - अलग तरह की मुछ बनाओ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | अगस्त | पाठ - 5 बहादुर बित्तो<br><br>कहानी लेखन<br><br><br>पाठ - 6 हमसे सब कहते<br><br>निबंध : रक्षाबंधन | पंजाबी लोककथा<br><br><br><br>निरंकार देव सेवक | बाघ का चित्र बनाओ अथवा चिपकाओ |
| 05 | सितंबर | पाठ - 7 टिपटिपवा<br><br>पत्र लेखन | गिरिजा रानी अस्थाना | प्राकृतिक दृश्य बनाओ |

# पाठ - 1

# कक्कू
## लेखक :रमेशचंद शाह

कविता : नाम है उसका ----------------उसका कक्कु ।(लेखक के नाम के साथ)

भावार्थ : इस कविता मे कवि एक बच्चे के बारे मे बता रहे है क्यों कि वह बच्चा कोयल की तरह है एक दम मासुम । वह दिन भर रोता रहता है,इसलिए लोग उसे चिढ़ाते हैं ।

उसकी बोली कोयल की तरह मिठी है, वह तो थोडी देर मे भड़क जाता है या तो थोडी देर मे मजाक उड़ाने लगता है इसलिए लोग उसका नाम बदल देते है ।

जो हर बात मे गाना गाता है हर बात मे मुँह फुला लेता है उसको गाना भी गाना नही आता, वह बहुत झगड़ालु भी है,इसलिए हर बार सब उसका नाम बदल देते हैं ।

## १ :कठिन शब्द-



| | | |
|---|---|---|
| १ : कक्कु | २ : चिढ़ | ३ : झगड़ाल |
| ४ : फुलाए | ५ : भड़क | ६ : कोयल |
| ७ : मिसरी | ८ ज्यों-ज्यो | |

## २ : शब्दार्थ-

१: कक्कु - एक पक्षी का नाम
२: चिढ़ाना- किसी की बात पर रूठ जाना
३: भड़क - गुस्सा करना
४: झगड़ालु - झगडा करने वाला
५: ठिठोली - मजाक उडाना
६: तनिक - थोड़ा सा
७: मिसरी- शक्कर की गोली
८: दिनभर- पूरा दिन
९: बात-बात- हरेक बात

१०: मुँह फूलाना- गुस्सा होना।

## ३ : बहुवेकल्पिक प्रशनउत्तर

१-कक्कू दिन भेर क्या करता रहता है?
अ-रोता ह ब-सोता है क-खाता है
२-कोयल की बोली कैसी है?
अ-कडवी ब-मीठो क-भददी
३-कक्कू को लोग क्या कहते थे?
अ-गप्पू,टक्कू,कक्की ब-अक्कू,झक्कू,मक्कू क-सक्कू,भक्कू,झक्कू

## ४ :अतिलघु- प्रश्न-

१: कक्कू दिनभर क्या करता हैं ?
उत्तर : कक्कू दिनभर सोता हैं ।
२ : कोयल की बोली कैसी होती हैं ?
उत्तर : कोयल की बोली मीठी हैं ।
३ कक्कू से ठिठोली करने पर वह क्या करता हैं ?
उत्तर : कक्कू से ठिठोली करने पर वह भड़कता हैं ।
४ कक्कू को लोग किस - किस नाम से पुकारते हैं ?
उत्तर : कक्कू को लोग सक्कू,भक्कू और झक्कू के नाम से पुकारते हैं।

## ५ : लघु- प्रश्न -

१ कक्कु का अर्थ है ?
उत्तर : कक्कु का अर्थ कोयल है ।
२ सभी कक्कु को चिढ़ाते है ?
उत्तर : क्यो कि वह दिन भर रोता रहता है ।
३ कक्कु को कभी-कभी भक्कु कहकर क्यों पुकारा जाता हैं ?
उत्तर : क्यों कि कभी- कभी वह भड़कता है इसलिए उसे भक्कू पुकारा जाता हैं ।
४ कक्कू और कोयल के स्वभाव में क्या - क्या अंतर हैं ?
उत्तर : कक्कू स्वभाव से झगडांलु है और कोयल स्वभाव से शांत हैं ।
५ कक्कू को झक्क ूकहना क्यों उचित हैं ?
उत्तर : क्यों कि वह झगड़ालु हैं इसलिए झक्कू कहाना उचित हैं ।

## ६ :दीर्घ प्रश्न उत्तर -

१ : कक्कू को झगडालू क्यों कहाँ जाता हैं ?

उत्तर : कक्कू बात - बात मे चिढ़ जाता है और हर बात ने मुहं फुला लेता ह।
इसलिए उसे झगडालूं कहा जाता हैं ।

*-पाठय पुस्तक का स्वाध्ययः-

अ-विधान सही है या गलत -लगाओ-

1-कक्कु बात-बात पर चिड़ जाता है। सही

2-कक्कु अच्छा गाता है। गलत

3-कक्कु झगडालु लडका है। सही

4-कक्कु को सभी नक्कु भी कहते है। गलत

- **प्रवृति**

**पक्षियों के नाम लिखो - कोई पाँच**

## ७ : लेखन विभाग - मेरा प्रिय पक्षी तोता



- मेरा प्रिय पक्षी तोता हैं।
- तोता एक बहुत सुंदर पक्षी हैं।
- इसके पंख हरे रंग के होते हैं |
- इसकी लाल रंग की चोंच होती है |
- इसकी चोंच मुड़ी हुई होती है |
- तोते की गर्दन पर काले रंग के वृत्त होते हैं।
- तोता लाल मिर्च खाना पसंद करता हैं |
- तोता मनुष्य की तरह बोल सकता हैं |
- तोता एक शाकाहारी पक्षी हैं |
- तोता गॉव , शहर , जंगल और खेतों मे पाया जाता हैं |

# पाठ - २ शेखीबाज मक्खी

## लेखक :योगेश जोशी

## १ :कठिन शब्द-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ जंगल | २ मक्खी | ३ मुश्किल | ४ गुस्सा | ५ भाषा |
| ६ बबूला | ७ सूँड | ८ मुस्कुराने | ९ मकड़ी | १0 ज्यों-ज्यो |

## २ : शब्दार्थ-

१: जंगल- वन

२: मुश्किल - कठिन

३: गुस्सा- क्रोध



४: आग बबूला होना - अत्यधिक गुस्सा होना

५: जवाब - उत्तर

६: हिम्मत - हौंसला

७: विशालकाय - बहुत बड़ा

८: ऊब जाना - मन भर जाना


९: प्रणाम -नमस्कार

१0: कोशिश - प्रयत्तन



११: पंजा -चगुल ,नखुन

१२: बहस -झगड़ा ,वाद-विवाद



## ३ : बहुवेकल्पिक प्रशनउत्तर

१-जंगल में कौन आराम कर रहा था?

अ-**शेर** ब-लोमडी क-हाथी

२-हाथी ने किसको प्रणाम किया?

अ-शेर को **ब-मक्खी को** क-लोमडी को

३-मक्खी कोदेखकर लोमडी ने क्या किया?

अ-दौडने लगी ब-चिल्लाने लगी **क-मुस्कुराने लगी**

४-जाला किसने बनाया?

**अ-मकडी ने** ब-मक्खी ने क-लोमडी ने

## ४ःअतिलघु प्रश्न-उत्तर-

१ जंगल में कौन आराम कर रहा था ?

उत्तर : जंगल में शेर आराम कर रहा था

२ हाथी ने किसको प्रणाम किया ?

उत्तर : हाथी ने मक्खी को प्रणाम किया

३ मक्खी को देखकर लोमड़ी ने क्या किया ?



उत्तर : मक्खी को देखकर लोमडी मुस्कुराने लगी

४ जाला किसने बनाया था ?

उत्तरः जाला मकड़ी ने बनाया था ।

५ मक्खी को जाल मे किसने फँसाया ?

उत्तर : मक्खी को जाल मे लोमड़ी ने फँसाया ।

## ५ःलघु प्रश्न-उत्तर-

१ः शेर को गुस्सा क्यों आया ?

उत्तर ःशेर को गुस्सा आया क्यों कि मक्खी शेर के कान के पास भिन-भिन कर रही थी ।

२ः मक्खी ने किसे और किस प्रकार ललकारा?

उत्तरः मक्खी ने शेर और हाथी को गुस्से से ललकारा।

३ः शेर मक्खी को क्यों न मार सका?

उत्तरः क्योंकि मक्खी कभी कान पर ,कभी गाल पर ,कभी नाक पर, कभी गर्दन पर बैठकर उड़ जाती थी।

४ः शेर ने ऊबकर मक्खी से क्या कहा?

**उत्तर : शेर ने ऊबकर मक्खी से कहा मक्खी बहन अब मुझे छोड़ दो मैं हारा और तुम जीती |**

## ६ ःदीर्घ प्रश्न उत्तर-

१ शेर ने मक्खी पर पंजा क्यों उठाया?

उत्तरः शेर को बेहुत मुशकिल से नींद आई थी तभी एक मक्खी आकर उसके कान के पास भिन-भिन करने लगी तब शेर कि नींद खुल गयी इसी वजह से शेर को गुस्सा आया तब शेर ने पंजा उठाया ।

२ शेर क्यों ऊब गया ?

उत्तरःशेर ऊब गया क्योंकि मक्खी कभी शेर के कान पर ,कभी गाल पर ,कभी नाक पर, कभी गर्दन पर बैठकर उड़ जाती थी,शेर पंजा मारता रहा और खुद को घायल करता जाता मक्खी फट से उड़ जाती इस वजह से शेर ऊब गया ।

३ ःलोमडी ने मक्खी का घमंड कैसे चुर किया ?

उत्तर ःलोमड़ी ने मक्खी से कहा कि मक्खी रानी तुम तो धन्य हो,आपका जीवन धन्य है, आपके माता-पिता धन्य है,लेकिन वह मकड़ी आप को गाली दे रही है,जरा उसकी खबर लो,और उसको जाल मे फँसा दिया ।


*-।-पाठय पुस्तक का स्वाध्यय-

- सही जोड़ी मिलान करिये -

| अ | ब | |
|---|---|---|
| राजा | वन | २ |
| जंगल | नृप | १ |
| गुस्सा | अहंकार | ५ |
| नाक | क्रोध | ३ |
| घमंड | नासिका | ४ |

- प्रवृति

मक्खी के बारे मे पाँच वाक्य लिखो



## ७ : लेखन विभाग

पत्र लेखन :नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई-पत्र लिखिए ।

36 बी करोल बाग,
नई दिल्लीं.

13 जनवरी , 20
प्रिय राजन,
सस्नेह नमस्ते,
आज सुबह अखबार पढ़कर बडी़ खुशी हुई ।राज्य स्तर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में तुम्हारे प्रथम आने की सूचना पढ़ते ही मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हुई।

तुम्हारी मेहनत और लगन को देखकर मुझे पहले से विश्वास था कि नृत्य मैं तुम्हे कोई टक्कर नहीं दे सकता हैं ।इस महान उपलब्धि के पीछे गुरुजी का योगदान सर्वोपरि है ।

आशा करता हूँ कि आगे भी तुम जीवन के हर क्षेत्र मे इसी प्रकार सफल होते जाओगे ।

तुम्हारा मित्र
विमल

**लेखक :तारा निगम**

# पाठ -3 चाँद वाली अम्मा

## १ :कठिन शब्द-

१ - चाँद　　२ - अम्मा　　३-बिल्कुल　　४-कामकाज
५ -कुएँ　　६ -आँगन　　७-क्रम　　८ -गुस्से
९-रस्साकशी　　१० - हिस्सा　　११ -ताकत　　१२-झाड़ू

## २ : शब्दार्थ-

१ : कामकाज -कार्य, व्यवसाय
२ : परेशानी - तनाव, खिंचाव
३ :झाड़ू - ब्रश , कंची
४ :सुबह -उषाकाल, प्रातः काल
५ :हरकत -गति, चाल
६:आँगन -प्राँगण
७: रस्साकशी -खिंचातानी
८:शरारत : शैतानी, हानि
९ :अम्मा - माँ, मम्मी
१०:आसमान - नभ, आकाश







## ३ :बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तरः-

१-अम्मा को कौन तंग कर रहा था?
**अ-आसमान**　　ब-बच्चे　　क-पड़ोसी

२-अअसमान अम्मा को कहाँ टक्कर मार रहा था?
अ-सिर पर　　**ब-कमर में**　　क-हाथ पर

३-अम्मा ने झाड़ू से आसमान को कितनी बार मारा ?
अ-एक बार　　ब-तीन बार　　**क-दो बार**

४-बहत ऊपर पहँचने पर अम्मा कहाँ चढ़ गई?
**अ-चाँद पर**　　ब-घर पर　　क-धरती पर

## ४:अतिलघु प्रश्न-उत्तर-

१:अम्मा को कौन तंग करता था ?

उत्तर : अम्मा को आसमान तंग करता था ।

२: आसमान अम्मा के किस अंग से टकराता था ?

उत्तर : आसमान अम्मा के सिर से टकराता था ।

३ : अम्मा ने झाड़ू से आसमान पर कितनी बार वार किया ?

उत्तर : अम्मा ने झाड़ू से आसमान पर दो बार वार किया ।

४ :ऊपर जाने के क्रम में अम्मा ने क्या पकड़ रखा था ?

उत्तर :ऊपर जाने के क्रम में अम्मा ने झाड़ू पकड़ रखा था ।

५ : बहुत ऊपर पहुँचने के बाद अम्मा कहाँ चढ़ गई ?

उत्तर : बहुत ऊपर पहुँचने के बाद अम्मा चाँद पर चढ़ गई ।

## ५:लघु प्रश्न-उत्तर-

१ : अम्मा को घर का कामकाज खुद ही क्यों करना पड़ता था ?

उत्तर : अम्मा को घर का कामकाज खुद ही करना पड़ता था क्यों कि वह अकेली रहती थी ।

२ : अम्मा रोज़ सुबह कौन-कौन से काम करती थी ?

उत्तर : अम्मा रोज़ सुबह झाडू लगाना, कुएँ से पानी लाना,खाना बनाने का काम करती थी ।

३ : आँगन में झाड़ू लगाते समय अम्मा के साथ क्या घटना होती थी ?

उत्तर : आँगन में झाड़ू लगाते समय अम्मा को आसमान तंग करता था ।

४ : कुएँ पर किस बात को लेकर किस-किसके बीच झगड़ा हुआ ? कुएँ पर किनके बीच झगड़ा हुआ और क्यों ?

उत्तर : कुएँ पर पानी की बात को लेकर झगड़ा हुआ , कुएँ पर अम्मा और औरतो के बीच झगड़ा हुआ ।

५ : झगड़े वाले दिन आसमान के छेड़ने पर अम्मा ने क्या किया ?

उत्तर : झगड़े वाले दिन आसमान के छेड़ने पर अम्मा ने पूरी ताकत से उस पर वार किया ।

६ : दूसरी बार अम्मा के वार करने पर आसमान ने क्या शरारत की ?

उत्तर : दूसरी बार अम्मा के वार करने पर आसमान को शरारत सूझी उसने झाड़ू पकड़ ली ।

७ : रस्साकशी किनके बीच हो रही थी ? और कैसे ?

उत्तर : रस्साकशी अम्मा और आसमान के बीच हो रही थी ,ऊपर वाला हिस्सा

आसमान ने पकड़ा और नीचे वाला हिस्सा अम्मा ने पकड़ा |

## ६ :दीर्घ प्रश्न-उत्तर-

१ : अम्मा को घर के सारे काम अकेले क्यों करने पड़ते थे ?

उत्तर : अम्मा बूढ़ी थी, बिल्कुल अकेली रहेती थी, अम्मा का अपना कोई नही था, इसलिए अम्मा को सुबह झाड़ू लगाना, कुएँ से पानी लाना, खाना बनाने का काम सब अकेले करने पड़ते थे ।

२: आसमान को क्या शरारत सूझी और क्यों ?

उत्तर : आसमान को अम्मा को परेशान करने की शरारत सूझी क्यों कि जब अम्मा रोज आँगन मे झाड़ू लगाने के लिए झुकती तब आसमान अम्मा की कमर से रोज टकराता, वह अम्मा को रोज परेशान करता , आसमान को अम्मा को परेशान करने मे बहुत मजा आता था ।

## *-पाठय पुस्तक के स्वाध्याय-

१-रिक्त स्थानो की पुर्ति करिए-

अ-अम्मा का अपना कोई न था।

ब-कुएँ पर झगडा होने के बाद अम्मा गुस्से में थी।

क-रस्साकशी करती हुई अम्मा थक गई थी।

ख-आसमान झाड के साथ ऊपर उठने लगा।

ग-चाँद पर चढ़ने के बाद भी अम्मा ने झाड़ू नही छोडी।

**2 - विधान सही या गलत लिखो ।**


| | |
|---|---|
| अ-अम्मा बिलकुल अकेली थी। | सही |
| ब-एक दिन कुएँ के पास अम्मा फिसल गई। | गलत |
| क-आसमान अपनी आदत से मजबूर था। | सही |
| ख-एक दिन अम्मा ने ाासमान को थप्पड दे मारा। | गलत |

प्रवृति : चाँद वाली अम्मा का चित्र बनाइए और उसमें रंग भरिए




७ : चित्र वर्णन

प्रश्न . चित्र देखकर खाली स्थान भरें ।



कहानी , पेड़ , हरियाली , बच्चे , बगीचे

1. यह __________ का चित्र है ।
2. बगीचे में __________ खेल रहे हैं ।
3. दो बच्चे __________ पर बैठे हैं ।
4. माँ रीना को __________ सुना रही है ।
5. बगीचे में __________ है ।

८ : लेखन विभाग - वर्षाऋतु

१ वर्षाऋतु मे आकाश मे काले एवं भूरे बादल घिर आते है ।
२ वर्षाऋतु मे आसमान मे इंद्रधनुष दिखाई देता है ।
३ वर्षाऋतु मे रोज बारिश होती है ।
४ बारिश मे नहाने मे बहुत मजा आता है ।
५ हम बारिश से बचने के लिए छतरी लगाते है ।
६ मेरे पास बहुत -सी रंग -बिरंगी छतरीया है ।

७ बारिश मे जगह -जगह पानी जमा हो जाता है ।
८ बारिश मे नदियों मे बाढ़ आ जाती है ।
९ इस मौसम मे बिजली गिरने और बादल फटने से जान -माल का नुकसान होता है ।
१० वर्षाऋतु बहुत मनमोहक होती है ।

# पाठ -४
# मन करता है
## लेखक : सुरेन्द्र विक्रम


मन करता है---------------------लाल पतंग उड़ाऊँ । (लेखक के नाम के साथ)

भावार्थ : इस कविता मे लेखक यह बता रहे है कि कवि का मन कभी सूरज बनकर आसमान में दौड़ लगाने का कर रहा है तो कभी चांद बनकर सब तारों पर अकड़ दिखाने का कर रहा हैं ।कभी बाबा बनकर घर वालो पर धौंस जमाने का तो कभी पापा बनकर मूँछ बढ़ाने का कर रहा हैं । कभी तितली बनकर दूर-दूर उड़ना चाहता है तो कभी कोयल बनकर मीठे - मीठे बोल बोलकर सब को अपनी ओर आकर्षित करना चाहता हैं ।कभी चिड़िया बनकर चीं - चीं शोर मचाना चाहता हैं तो कभी चर्खी लेकर पीली लाल पतंग उडा़ना चाहता हैं।


## १ :कठिन शब्दः

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ : मन | २: सूरज | ३ : दौड़ | ४:चंदा |
| ५ :अकड़ | ६ :धौंस | ७ : जमाऊँ | ८: मूँछ |
| ९:बढ़ाऊँ | १० :चिड़िया | ११ :मचाऊँ | १२: चर्खी |

## २ : शब्दार्थ




१ :सूरज - रवि, दिनकर
२ :आसमान - नभ, आकाश
३ : चंदा -चंद्रमा
४ : :धौंस - अकड़
५ : कोयल : सारंग
६ : चिड़िया : एक पक्षी का नाम
७ : शोर : आवाज
८: चर्खी : घिरनी
९ :लाल : एक रंग का नाम
१० :उडा़ऊँ : उडा़ना




## ३ :बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर-

१-बच्चा क्या बनकर आसमान में दौड़ लगाना चाहता है?

**अ-सूरज** ब-चँदा क-तारा

२-बच्चा बाबा बनकर क्या करना चाहता है?

अ-अकड दिखाना **ब-धौंस जमाना** क-गुस्सा करना

३-बच्चा पापा बनकर क्या करना चाहता है?

अ-धौंस जमाना ब-अकड़ दिखाना **क-मूँछ बढ़ाना**

## ४:अतिलघु प्रश्न-उत्तर-

१ : बच्चा क्या बनकर आसमान में दौड़ लगाना चाहता है ?

उत्तर : बच्चा सूरज बनकर आसमान में दौड़ लगाना चाहता है ।

२ : बच्चा बाबा बनकर क्या करना चाहता है ?

उत्तरः बच्चा बाबा बनकर धौंस जमाना चाहता है ।

३: बच्चा पापा बनकर क्या करना चाहता है ?

उत्तरः बच्चा पापा बनकर मूँछ बढ़ाना चाहता है ।



## ५:लघु प्रश्न - उत्तर

१: बालक चांद बनकर क्या करना चाहता है ?

उत्तर : बालक चांद बनकर सब तारों पर अकड़ दिखाना चाहता है ।

२ : बालक तितली बनकर क्या करना चाहता है ?

उत्तर : बालक तितली बनकर दूर-दूर उड़ना चाहता है ।

३ : कोयल सबको अपनी ओर कैसे आकर्षित करती है ?

उत्तर : कोयल मीठे - मीठे बोल बोलकर अपनी ओर आकर्षित करती है ।

## ६ :दीर्घ प्रश्न उत्तर-

१ :बच्चे का मन क्या चाहता है ?

उत्तर : बच्चा सूरज बनकर आसमान में दौड़ लगाना चाहता है, बाबा बनकर धौंस जमाना चाहता है, पापा बनकर मूँछ बढ़ाना चाहता है, चांद बनकर सब तारों पर

अकड़ दिखाना चाहता है , तितली बनकर दूर-दूर उड़ना चाहता है, चिड़िया बनकर चीं-चीं करके शोर मचाना चाहता है ।

*-पाठय पुस्तक से स्वाध्याय-

शब्दों को सही क्रम में लगा कर लिखिए-

अ-ड़अक-अकड़ ब-छमूँ-मूँछ क-माआनस-आसमान ख-रशो-शोर

## प्रवृति - अलग - अलग तरह की मुछ बनाओ



## ७ - संवाद लेखन

### प्राचार्य और छात्र के मध्य प्रवेश को लेकर बातचीत का संवाद लेखन

छात्र - श्रीमान क्या मैं अंदर आ सकता हू

प्राचार्य - हा आओ!

छात्र - ( प्रवेश करके) मैं आपके विद्यालय मे प्रवेश चाहता हू

प्राचार्य - पहला विद्यालय क्यों छोड़ना चाहते हो

छात्र - पिताजी का यहा तबादला हो गया है और आपका विद्यालय हमारे घर के पास है

प्राचार्य - वहा कौन सी कक्षा में पढ़ रहे थे?

छात्र - आठवी कक्षा मे श्रीमान! यह है मेरा प्रगति पत्र और विद्यालय छोड़ने की टी.सी.

प्राचार्य - ( प्रगति पत्र और टी.सी. देखकर) यह लो प्रवेश आवेदन-पत्र. इसे भरकर पिताजी के हस्ताक्षर करवा कर मेरे पास ले आना

छात्र - ( प्रवेश आवेदन-पत्र लेकर) धन्यवाद श्रीमान!

## ८ : पत्र लेखन

सेवा में,

श्रीमान प्राचार्य महोदय,
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,
जयपुर राजस्थान

**विषय -** तीन दिन के लिए स्कूल से छुट्टी हेतु

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके स्कूल में कक्षा_________ का/की छात्र/छात्रा हूं मैं कल रात्रि से जबर से पीड़ित हूं. **(अवकाश लेने का कारण)** चिकित्सक ने उपचार के साथ साथ तीन दिन के पूर्ण विश्राम के लिए कहा है इसलिए मैं विद्यालय में उपस्थित होने में असमर्थ हूं.

अतः आप मुझे मुझे **दिनांक**__________ **से**___________ **तक** तीन दिन का अवकाश प्रदान करें. आपकी अति कृपा होगी.

**सधन्यवाद**

**आपका आज्ञाकारी शिष्य/शिष्या**
नाम_________
कक्षा__________
दिनांक__________

# पाठ -५
# बहादुर बित्तो
## लेखकः रवीन्द्र कुमार वर्मा

## १ :कठिन शब्दः

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १:बित्तो | २:जवाब | ३:गुस्सा | ४:बैल | ५:फटकारा |
| ६:मरियल | ७:तुम्हारा | ८:शर्म | ९:आँते | १०:मुश्किल |
| ११:फौरन | १२: कोशिश | १३:वक्त | १४:भेड़िया | १५:होश-हवास |

## २ : शब्दार्थ



१:किसान :खेतिहर
२:सुबहः सबेरा
३:गुस्सा : नाराजगी, कोध
४:फटकारा :जोर से डाँटना
५: मरियल : कमजोर
६:फौरन : तुरंत, जल्दी ही
७:कोशिश प्रयत्न
८: मुश्किल : कठिन
९ :जान बची - सही-सलामत होना
१० :हिम्मत : साहस
११ : आँते : शरीर के अन्दर का हिस्सा
१२ :काँपना : भयभीत होना



## ३ :बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर-

१-किसान की बीवी का क्या नाम था?

**अ-बित्तो** ब-संतो क-बंतो

२-शेर ने किसान से क्या माँगा?

अ-घोड़ा **ब-बैल** क-गाय

३-शेर के पास जाने के लिए बित्तो ने सिर पर क्या बाँधा?

अ-रूमाल ब-चुन्नी **क-पग्गड**

४-शेर ने बित्तो को क्या समझ लिया?

**अ-राक्षसी** ब-भूतनी क-देवी

## ४:अतिलघु प्रश्न-उत्तर

१:किसान की बीवी का क्या नाम था ?

उत्तर : किसान की बीवी का नाम बित्तो था ।

२ : शेर ने किसान से क्या माँगा था ?

उत्तर : शेर ने किसान से घोड़ा माँगा था ।

३ : किसान ने घर जाकर शेर के लिए क्या लाने की बात की ?

उत्तर : किसान ने घर जाकर शेर के लिए गाय लाने की बात की ।

४ : शेर के पास जाने के लिए बित्तो ने सिर पर क्या बाँधा ?

उत्तर : शेर के पास जाने के लिए बित्तो ने सिर पर पग्गड़ बाँधा ।

५ : शेर ने बित्तो को क्या समझ लिया ?

उत्तर : शेर ने बित्तो को राक्षसी समझ लिया ।

## ५ : लघु प्रश्न उत्तर

१ : बित्तो कौन थी ?

उत्तर : बित्तो किसान की बीवी थी ।

२ : शेर ने किसान के सामने क्या शर्त रखी ?

उत्तर : शेर ने किसान से उसका बैल माँगने की शर्त रखी ।

३ : किसान अपने बैल को क्यों नही खोना चाहता था ?

उत्तर :किसान अपने बैल कों नही खोना चाहता था क्यो कि अगर शेर बैल को खा लता तो वो लोग भुखे मर जाँएगे ।

४: किसान के बच्चे किस चीज के साथ रोटी खाते थे ?

उत्तर : किसान के बच्चे गाय के दूध के साथ रोटी खाते थे ।

५ : बित्तो ने किसान को क्या समझाकर शेर के पास भेजा ?

उत्तर : बैल के सामने घोडे को लेकर आने की बात समझाकर बित्तो ने किसान को शेर के पास भेजा ।

६:शेर से उसकी उदासी का कारण किसने पूछा ?

उत्तर : शेर से उसकी उदासी का कारण भेडिया ने पूछा ।

## ६ :दीर्घ प्रश्न उत्तर

१ : बित्तो को गुस्सा क्यों आया ?

उत्तर : शेर किसान के खेत में घुस गया और किसान को बोला कि तुम्हारा बैल मुझे दे दे मैं उसे खा जाऊँगा ,यह बात सुनकर किसान ने कहा कि मैं घर जा कर बैल लाता हूँ। यह सुनकर बित्तो को गुस्सा आया ।

२ : शेर डर के मारे क्यों काँपने लगा ?

उत्तर : बित्तो घोडा लेकर जब खेत पर पहुँची और ज़ोर से चिल्लाई अरे किसान!तू तो कहता था कि तूने चार शेरों को फासँ कर रखा है ।यहाँ तो सिर्फ एक ही है, बाकी कहाँ गए ? अच्छा ,कोई बात नही,नाश्ते में एक ही काफी है यह सुनते ही शेर डर के मारे काँपने लगा ।

*-पाठय पुस्तक के स्वाध्याय-

1-रिक्त स्थानों की पुर्ति करिए-

अ-शेर से छुटकारा पाने के लिए बित्तो को एक तरकीब सूझी।

ब-बित्तो के कहने पर किसान डरता-डरता शेर के पास गया।

क-बित्तो हाथ में दराँती लेकर घोडे पर सवार होकर खेत की ओर चल पडी।

ख-बित्तो की बात सुनकर शेर डर स काँपने लगा।कर चल पडे।


ग-शेर ओर भेडिया आपस में पूँछ बाँध

2-कौन कैसा है-बताओः-

अ-किसान-डरपोक   ब-गाय-मरियल   क-शेर-बेवकूफ   ख-भेडिया-कायर

ग-बित्तो-बहादुर

प्रवृति : बाघ का चित्र बनाइये और उसमे रंग भरो



कहानी लेखन : चूहा और गुड़िया का घर



मीठू और उसकी पत्नी मीठी, दो चूहे थे। वे एक बहुत बड़े घर के एक कोने में बने बिल में रहते थे। एक रात, मीठू रसोई की ओर खाना लाने को गया। वहाँ उसने एक सुंदर-सा गुड़िया का घर देखा।

उसने अपनी पत्नी को आवाज़ दी। तब दोनों उस घर के अंदर गए। वहाँ छोटी कुर्सियां, छोटी मेजें, छोटा पलंग और खाने की चीजों से भरी हुई एक छोटी मेज थी। उन्हें उस छोटे घर में मज़ा आ रहा था।

मीठी ने खुश होकर कहा-"यहाँ हमारे ही नाप का सामान रखा हुआ है।" "चलो, पहले कुछ खा लेते हैं।" उन्होंने खाना शुरु किया परंतु उनसे कुछ भी खाया न गया। वह सारा खाना नकली था।

दोनों बहुत उदास हुए। तभी, मीठू छोटी कुर्सी को उठाकर बोला-"कम से कम हम इन्हें तो ले जा सकते हैं। ये बिल्कुल हमारे नाप के हैं।" तभी अचानक किसी की आवाजें सुनकर वे दोनों भाग कर वापस अपने बिल में चले गए।

## पाठ -६
## हमसे सब कहते
### लेखक : निरंकार देव सेवक

नहीं सूर्य ---------------------------डाटँ बताए ।

भावार्थ : इस कविता मे लेखक सूर्य से यह कहता है कि तुम यहाँ अपनी धूप को मत फैलाओ और चाँद को कहता है कि तुम अपनी चाँदनी को अपने साथ ले कर जाओ ।

बाद मे वह हवा को भी कहता है कि खबरदार तुम अंदर मत आना और बादल से भी कहता है कि तुम यहा ँपर अपनी जल की धारा को यहाँ पर कभी भी मत बरसाना ।

बाद मे वह यह कहता है कि भैया तो हम से कहते है कि तुम यहाँ से भाग जाओ, यहाँ पर तुम कभी भी मत आना और उसकी माँ कहती है कि पूरे घर मे यह खेल तुम मत खेला करो और हर तरफ अपने खिलौने मत फैलाया करो ।

बाद मे पापा भी कहते है कि बाहर जाओ और बाहर जा कर तुम अपना खेल खेलो खबरदार अंदर आना मत सब हमको बोलते हैं क्योंकि हम छोटे है ,सब अपना बस हम पर चलाते है, जो भी चाहे हम को डाँट सुना के चले जाते है ।

## १ :कठिन शब्द:

१: सूर्य  २: धूप  ३: मत  ४: चादँ  ५ : चाँदनी  ६ :हवा
७:खबरदार  ८: बादल  ९ : जलधार  १० : बरसाई  ११ : डाँट
१२ :खेल - खिलौने

## २ : शब्दार्थ :

१:सूर्य :सूरज, रवि
२ :फैलाओ : बिखेरना
३ : चाँद : चंद्रमा
४ :हवा : वायु, समीर





५ :बादल : घटा, घन
६ : जलधार :पानीकी धार
७ :अम्मा : माँ ,मम्मी



## ३ :बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर-

१-सूर्य क्या फैलाता है?
अ-धूप  ब-कूडा  क-चाँदनी

२-चाँद क्या प्रदान करता है?
अ-अंधेरा  ब- चाँदनी  क-तार

३-बादल क्या बरसाता हैं?
अ-फूल  ब-धूप  क-जलधारा

४-पापा हमें क्हाँ खेलने को कहते हैं?
अ-बाहर  ब-अंदर  क-सड़कपर

## ४:अतिलघु प्रश्न-उत्तर :

१:सूर्य क्या फैलाता हैं ?
उत्तर : सूर्य धूप फैलाता हैं ।
२:चाँद क्या प्रदान करता है ?
उत्तर :चाँद चाँदनी प्रदान करता है ।
३: बादल क्या बरसाता हैं ?
उत्तर :बादल जलधार बरसाता हैं ।
४ :पापा हमें कहाँ खेलने के लिए कहते है ?
उत्तर : पापा हमें बाहर खेलने के लिए कहते है ।

## ५:लघु प्रश्न – उत्तरः

१ :सूर्य को क्या करने के लिए मना नहीं किया जाता ?

उत्तर : सूर्य को धूप फैलाने लिए मना नहीं किया जाता ।

२: हवा को किस बात की स्वतंत्रता है ?

उत्तर : हवा को अंदर आने की स्वतंत्रता है ।

३ :बादल से कोई क्या नहीं कहता ?

उत्तरः बादल से कोई नहीं कहता है कि क्यों जलधार यहाँ बरसाई ।

४:पापा बच्चों को किस बात के लिए खबरदार करते हैं?

उत्तर : पापा बच्चों को कहते है कि बाहर खेलो खबरदार जो अंदर आए ।

५: बच्चों पर किस – किस का बस चलता है ?हमसे सब कहते कविता के आधार पर लिखिए ?

उत्तर : अम्मा, पापा, भैया और दीदी का बस चलता हैं।

## ६:दीर्घ प्रश्न उत्तर :

१:बच्चा सूर्य और चाँद से क्या कहते है?

उत्तर :बच्चा सूर्य से कहता है कि कोई यहाँ धूप मत फैलाओ और चाँद से क्हता है कि उठा के चाँदनी को ले जाओ ।

२ :बच्चा हवा और बादल से क्या कहते है?

उत्तर : हवा को अंदर आने की स्वतंत्रता है और बादल से कोई कहता है कि कोई क्यों जलधार यहाँ बरसाई।

*-पाठयपुस्तक से स्वाध्याय-

1-विधान सही या गलत है लिखिए-

| | |
|---|---|
| अ-सूर्य पर किसी का बस नहीचलता। | सही |
| ब-बादल हमें धूप देते हैं। | गलत |
| क-भैया बच्चों की स्वतंत्रता नही छीनते है। | गलत |
| ख-सबके साथ-साथ बच्चों पर भी अम्मा का शासन चलता था। | सही |
| ग-बच्चे बंधन में नही रहना चाहते। | सही |

2-बताओ कौन क्या देता है-

अ- पेड़-लकड़ी ब-बादल-वर्षा क-सूर्य-धूप ख-चाँद-चाँदनी

## निबंध : रक्षाबंधन

1. रक्षा बंधन का त्योहार भारत में मनाया जाने वाला हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है।
2. रक्षा बंधन का त्योहार भाई बहन के प्रेम का प्रतीक है, जिससे कई प्राचीन कहानियां जुड़ी हुई हैं।
3. रक्षा बंधन पर बहनें कुमकुम, दीया, चावल, मिठाई और राखी से पूजा की थाली सजाती हैं।
4. रक्षा बंधन पर बहन अपने भाई को तिलक करके उनकी कलाई पर राखी बांधती है और लंबी उम्र की कामना करती है।
5. बहन से राखी बंधवाने के बाद भाई बहन को उपहार देता है और बहन की रक्षा करने का वचन भी देता है।
6. रक्षा बंधन का त्योहार भाई-बहनों के प्रेम के साथ साथ एक-दूसरे के प्रति अपने कर्तव्यों का एहसास भी कराता है।
7. रक्षा बंधन पर बहने अपने भाई के लिए उपवास राखित है और उन्हें राखी बंधने के बाद अपना व्रत तोड़ती है।
8. जो बहनें अपने भाइयों के साथ नहीं रहती, वह अपने भाई को राखी डाक, ईमेल और ऑनलाइन भेजती हैं।
9. रक्षाबंधन पर सारे बाजार सज जाते हैं और दुकानों पर रंग बिरंगी मिठाइयां भी सजी होती है, हर तरफ प्यार का माहौल होता है।
10. हिंदू धर्म ग्रन्थों में रक्षा बंधन के पर्व का महत्व बताया गया है और इंद्रा देव और राजा बली की कहानी भी प्रचलित है

# पाठ -७
# टिपटिपवा
## लेखक :गिरिजा रानी अस्थाना

## १ :कठिन शब्दः

| | | | |
|---|---|---|---|
| १:टिपटिपवा | २: परेशान | ३:मूसलाधार | ४:मुसीबत |
| ५:झटपट | ६:बेसब्री | ७: लट्ठ | ८: ढूँढ़ |
| ९:उलीचना | १0:पंडित | ११:झुँझला | १२:बेचारा |

## २ : शब्दार्थ







१:रात -निशा

२:बारिश -वर्षा, मेह

३:पानी - नीर, जल

४:दुम -पूँछ

५:परेशान -हैरान

६:डर - भय

७:पोथी -किताब

८:धोबी -जो कपड़े धोता है

९:खूँटे -जहाँ जानवर को बाँधते है

१0 :लट्ठ- लकड़ी

## <u>३ :बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर-</u>

**१-बालक रोज किससे कहानी सुनता था?**

**अ-दादी से   ब-दादा से   क-माँ से**

**२-सारा गाँव किससे परेशान था?**

अ–बाघ से ब–बारिश से क–गधे से

३–धोबी का क्या खो गया?

अ–बाघ ब–कुत्ता क–गधा

४–बाघ किससे डरकर छिप गया ?

अ–टिपटिपवा से ब–धोबी से क–पानी से

**४ःअतिलघु प्रश्न–उत्तर**

१ःबालक रोज़ किससे कहानी सुनता था ?

उत्तर ःबालक रोज़ दादी से कहानी सुनता था ।

२ःसारा गाँव किससे परेशान था ?

उत्तर ःसारा गाँव बारिश से परेशान था ।

३ ःबारिश से बचने के लिए झोंपडी़ के पीछे कौन बैठा था ?

उत्तरः बारिश से बचने के लिए झोंपडी़ के पीछे बाघ बैठा था ।

४ःधोबी का क्या खो गया था ?

उत्तर : धोबी का गधा खो गया था ।

५ःबाघ टिपटिपवा के डर से कहाँ छिपा बैठा था ?

उत्तर : ःबाघ टिपटिपवा के डर से घास मे छिपा बैठा था ।

**५ःलघु प्रश्न - उत्तरः**

१ः बुढ़िया की बातें सुनकर बाघ क्यों डर गया ?

उत्तर : बुढ़िया के मुँह से टिपटिपवा की बात सुनकर बाघ डर गया ।

२ः बाघ किसके हमले की आशंका से भयभीत था ?

उत्तर ःबाघ टिपटिपवा हमले की आशंका से भयभीत था ।

३ःधोबी ने अपनी पत्नी की कौन - सी सलाह मान ली ?

उत्तर : धोबी की पत्नी ने सलाह दी कि गधे के विषय मे पंड़ितजी से पूछे ।जिसे धोबी ने मान लिया ।

४: धोबी ने पंड़ितजी से क्या पूछा ?

उत्तर : धोबी ने पंड़ितजी से गधे के विषय मे पूछा ।

५ :पंड़ितजी धोबी पर क्यों झुंझला पड़े ?

उत्तर : पंड़ितजी धोबी पर झुंझला पडे क्यों कि पंडितजी घर मे जमा बारिश का पानी उलीच-उलीच कर फेंक रहे थे ।

## ६:दीर्घ प्रश्न उत्तर :

१:बाघ किसकी बात सुनकर डर गया ?

उत्तर : बाघ बुढ़िया के मुँह से टिपटिपवा की बात सुनकर बाघ डर गया क्यों कि बुढ़िया ने जब कहा कि मुझे तो न शेरवा से डर, न बघवा से डर, मुझे तो डर है टिपटिपवा का ,यह बात सुनकर बाघ डर गया ।

२: बाघ शांत होकर धोबी के पीछे - पीछे क्यों चल पडा ?

उत्तर : धोबी ने बाघ को मार-मार कर कहा कि मै ंतेरा कचूमर निकाल दूगाँ और धोबी ने बाघ के कान पकड़ लिए।बाघ बिनाचूँ - चपड़ किए भीगी बिल्ली बना धोबी के पीछे-पीछे चल पडा ।

## पत्र लेखन

**1 ) अपने जन्मदिन के अवसर पर मित्र को शामिल होने के लिए पत्र लिखिए ।**

राप्तीनगर ,

गोरखपुर,

29 मई , 2020

प्रिय मधु

नमस्ते

मैं अपने परिवार के साथ कुशल हूं और आशा करता हूं कि तुम भी सकुशल होगा । आगे तुम्हे यह जानकर खुशी होगी कि 4 जून को मेरा जन्मदिन है ।इस अवसर पर हमने एक छोटी सी पार्टी रखी है । मैं तुम्हे पार्टी में शामिल होने के लिए निमंत्रित कर रहा हूं ।आशा करता हूं कि तुम अवश्य आओगी । अंकल और आंटी को मेरे तरफ से प्रणाम
कहना ।

तुम्हारा मित्र

रोहित

**प्रवृति : प्राकृतिक दृश्य बनाओ**

